प्रेस नोट

"गजरौला पुलिस ने अवैध तमंचो के सौदागर के विरुद्ध अभियान चलाकर की कार्यवाही"

आज दिनाँक 31.08.22 को शासन द्वारा अवैध शराब तथा मादक पदार्थों की तस्करों व अवैध शस्त्रों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर महोदय, सर्विलांस व एसओजी टीम जनपद पीलीभीत,प्रभारी निरीक्षक व वरि0उ0नि0 थाना गजरौला पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों व कारतूसों की खरीद-फरोख्त के व्यापार करने वाले तस्कर मो0 माजिद पुत्र अखलाक अहमद को 05 अदद तमंचे 315 बोर, 02 तमंचे 12 बोर व 06 जिंदा कारतूस 315 बोर, 04 जिंदा कारतूस 12 बोर कुल 07 तमंचों व 10 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में दिनांक 27.08.22 को गिरफ्तार किये गये जसवीर सिंह आदि 03 नफर के द्वारा अवैध तमंचो व कारतूसों की तस्करी करने वाले व्यक्ति का नाम प्रकाश में आया था, जिसमें जिला पीलीभीत की एसओजी व सर्विलांस व थाना गजरौला की पुलिस टीम तलाश में मामूर थी। अभियुक्त मो0 माजिद अवैध तमंचे व कारतूसों की तस्करी कर जसवीर सिंह जैसे अपराधियों को बेच दिया करते थे जो समाज में अपराधों की लगातार वृद्धि की वजह बन रहा था। अभियुक्त माजिद के कब्जे से 07 तमंचा व 10 कारतूस बरामद हुये । अभियुक्त मो0 माजिद से हुई बरामदगी के संबंध में थाना गजरौला पर मु0अ0सं0 350/22 धारा 3/5/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से बरामद माल का विवरण निम्नवत है:-

<u>*बरामदगी:-*</u>

05 अदद तमंचे 315 बोर

02 अदद तमंचा 12 बोर

06 जिन्दा कारतूस 315 बोर

04 जिन्दा कारतूस 12 बोर

<u>*गिरफ्तार करने वाली टीम:-*</u>

1.प्र0नि0 श्री आशुतोष रघुवंशी – थाना गजरौला मय टीम

2.निरीक्षक श्री गौरव बिश्नोई – सर्विलांस प्रभारी मय टीम

3.उ0नि0 श्री जगदीप मलिक – प्रभारी एसओजी मय टीम